
श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 210 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 14 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया


## 40 किलो डोडाचूरा समेत 2 गिरफ्तार



**पिपलियामंडी, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने बाइक सवार युवकों के कब्जे से 40 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया। नारायणगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार शाम सोम्या-हरसोल के बीच कच्चे रास्ते पर बिना नम्बर की बाइक को रोका, तलाशी के दौरान दो कट्टों में भरा 40 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान कचनारा (नारायणगढ़) निवासी अजयसिंह (20) पिता राजेन्द्रसिंह सोंधिया व लिलदा (नाहरगढ़) निवासी बलवन्तसिंह उर्फ बल्लू (18) पिता मांगूसिंह सोंधिया होना बताई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया, बाइक व डोडाचूरा जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।







# आजादी के बाद तीसरी बार हुआ रिकार्ड मतदान

### ईवीएम में बंद हुआ जनता का फैसला, 4 जून को पता चलेगा, तेज गरमी में भी दिखी सरकार चुनने की बेताबी









**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** देश के आमचुनाव के चौथे चरण में मंदसौर लोकसभा क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए अपना प्रतिनिधि चुनने के उत्साह से लबरेज होकर लोगों ने सोमवार को 40 डिग्री तापमान में भी उत्साह के साथ मतदान किया। बुजुर्ग हो या युवा, महिला हो या पुरुष, मतदान पर्व पर मतदाताओ का उत्साह देखते ही बन रहा था। स्थिति यह थी कि सौ साल से अधिक उम्र के लोगों ने मतदान केंद्र पहुंचकर इस चुनावी महायज्ञ में अपनी आहूती दी। दोपहर 01 बजे ही मतदान का प्रतिशत 50 प्रतिशत का आंकड़ा पूरा कर चुका था। उत्साह और जागरुकता का परिणाम रहा कि आजादी के बाद तीसरी बार इतना अधिक मतदान होता दिख रहा है। हालांकि, देर रात तक फायनल आंकड़ा नहीं आया था। लेकिन, यह कहा जा सकता है कि पिछले लोकसभा चुनाव के मतदान के आंकड़े के आसपास तो वोटिंग प्रतिशत पहुंच ही सकता है। यह भी हो सकता है कि पिछले लोकसभा चुनाव से एक-दो प्रतिशत कम मतदान हुआ हो। हालांकि, प्रदेश सहित देश के अन्य लोकसभा क्षेत्रो के मुकाबले मंदसौर संसदीय क्षेत्र में मतदान का आंकड़ा अच्छा रहा।

18 वीं लोकसभा के लिए चुनाव में मंदसौर जिले में अभी तक का तीसरी बार सबसे ज्यादा मतदान होने की संभावना है। पिछली बार अर्थात वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 1984 का रिकॉर्ड टूटा था। जब 77.70 मतदान हुआ था। बात करें वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव की तो मतदान प्रतिशत इस आंकडे के आसपास 71.20 प्रतिशत पहुंचा था। हालांकि, इस बार का मतदान वर्ष 2014 के आंकड़े से तो बहुत ज्यादा आगे निकल गया है। वैसे फायनल आंकड़े मंगलवार सुबह ही पता चल पाऐंगे। माकूल सुरक्षा इंतजामों के बीच सुबह 07 बजे से वोटिंग शुरू हुई। सुबह मतदान तेजी से हुआ। दोपहर के समय जरूर कुछ धीमी वोटिंग हुई, लेकिन शाम होते-होते केन्द्रों पर लंबी कतारें लग गई। वोटिंग के बाद ईवीएम जमा करने का काम देर रात तक चलता रहा।

सोमवार सुबह 07 बजे मतदान शुरु हुआ। शुरुआती दो घंटे में 16.61 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद 11 बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़कर 34 से ज्यादा पहुंच गया। इसी तरह से मतदान एक बजे तक बढ़ा। दोपहर एक से पांच बजे तक मतदान में कुछ कमी देखी गई। जहां शुरुआत में औसत लगभग 17 प्रश मतदान शुरुआती दौर में हुआ। वहीं दोपहर 01 से 03 और 03 से 05 बजे के बीच में औसत दस प्रतिशत मतदान ही हुआ।


### कितनी बजे तक कितना मतदान

| | |
|---|---|
| सुबह 9 बजे तक | 16.61 प्रश |
| सुबह 11 बजे तक | 34.12 प्रश |
| दोपहर 1 बजे तक | 50.39 प्रश |
| दोपहर 3 बजे तक | 61.58 प्रश |
| शाम 5 बजे तक | 71.76 प्रश |
| शाम 6 बजे तक | 75.35 प्रश |

### कई जगह मतदान का बहिष्कार, मान मनौव्वल करने पहुंचे अधिकारी...

लोकसभा क्षेत्र के नीमच तहसील के ग्राम मांगरोल चक में लोकसभा चुनाव में मतदान का ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिया। 13 मई को मांगरोल चक पोलिंग बूथ पर सुबह वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन एक भी मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि मुंडला से मांगरोल चक तक रोड नहीं है। बारिश के दिनों में तो ग्रामीण आ-जा नहीं सकते है। कई बार जनप्रतिनिधियों ने सड़क बनाने का वादा किया, लेकिन पूरा नहीं किया। वोट के बहिष्कार की खबर सुनकर कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। मांगरोल चक में करीब 600 वोटर है और बंजारा बाहुल्य गांव है। हालांकि समझाईश के बाद यहां मतदान शुरु हो गया।

मंदसौर जिले के ग्राम पिछला में भी लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। यहां लाल मिट्टी की खुदाई को लेकर लोग नाराज थे। उनका कहना था कि कई बार आवेदन और ज्ञापन दिया जा चुका है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही। इसके बाद अपर कलेक्टर यहां पहुंचे। उन्होंने लोगों से बात की। इधर फतेहगढ़ में भी मतदान का बहिष्कार की खबर के बाद एसडीओपी कृति बघेल और तहसीलदार गांव पहुंचे। यहां लोगों से बातचीत कर समझाईश दी। यहां हाईस्कूल की मांग को लेकर लोगों में नाराजगी दिखी। समझाईश के बाद यहां भी मतदान शुरु हो गया। इधर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर दिलीप यादव, पुलिस कप्तान सहित अन्य अधिकारी सुबह से लेकर शाम तक लगातार निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेते नजर आए। मतदान केंद्रों पर पुलिस अधिकारी भी लगातार निरीक्षण करते दिखे। सुबह सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्धीकी ओर कलेक्टर श्री यादव ने डाईट परिसर स्थित कंट्रोल रूम और वेब कास्टिंग रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण करते नजर आए।



### सांसद श्री गुर्जर व नपा अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मतदान किया

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने सोमवार को मंदसौर लोकसभा चुनाव में अपने मतदान केंद्र क्रमांक 76 पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने 200 मीटर के दायरे के बाहर आकर भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की और मतदाताओं से भी राष्ट्रहित मे मतदान करने की अपील की।



### वोट डालते फोटो वायरल, शिकायत हुई...

सोशल मीडिया पर वोट डालते हुए एक वीडियो वायरल हुआ। जिससे ईवीएम की गोपनीयता को भंग करने का प्रयास हुआ। इस मामले में नीमच जिला भाजपा महामंत्री सुखलाल पंवार ने नोडल अधिकारी शिकायत निराकरण प्रकोष्ठ लोकसभा निर्वाचन को शिकायत की। जिसमें कहा गया कि ईवीएम मशीन का वोट डालते हुए वीडियो बनाकर भाजपा प्रत्याशी को अंगूठा बताकर भ्रामक प्रचार प्रसार कर गोपनीयता भंग की गई है। कार्रवाई की मांग इस मामले में की गई है।

### **** झलकियां ****

* मतदान केंद 182 भालोट पर 108 वर्षीय बादाम बाई ने परिवार के साथ जाकर मतदान किया। * मतदान केंद्र 271 सुवासरा पर बारात में जाने से पहले दुल्हे ने मतदान किया। * 113 साल की महिला ने रिंडा मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मत का उपयोग किया। * 110 साल के अब्दुल गनी मंसूरी ने मंदसौर मतदान केंद्र 150 पर पहुंचकर मतदान किया। * गर्भवती महिलाओं ने भी पहुंचकर अपने मत का उपयोग किया। * जगदुरु शंकरचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ एवं युवाचार्य वरुणेंद्र जी ने भी मतदान किया। * ग्राम पालडी में दुल्हा-दुल्हन ने पहुंचकर मतदान किया। *तीन फीट के चौबीस वर्षीय विकास खाती निवासी कुकडेश्ववर ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मत का उपयोग किया।

# सीबीएसई: 12वीं में कॉमर्स की कृति शिवदासानी ने किया जिले में टॉप

### दूसरे नंबर पर प्रतीक राठौड़ और अनिल कलाल तीसरे स्थान पर रहे

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीबीएसई अर्थात केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिले के विभिन्न सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं में दशपुर विद्यालय की कृति शिवदासानी (कॉमर्स संकाय) ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया है। सेंट थॉमस स्कूल के प्रतीक राठौड़ ने कला संकाय में 97.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा के छात्र अनिल पिता मेरूलाल कलाल नंदावता ने 96.4 प्रतिशत के साथ जिले में तीसरा स्थान हासिल किया।

### कृति ने किया कॉमर्स में टॉप...

दशपुर विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय की कृति शिवदासानी ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। जमीला पिपलियावाला ने 95 प्रतिशत, आंचल चंद्रावत ने 95 प्रतिशत, कृति जैन ने 91 प्रतिशत, सुहानी मिंडा ने 88.4 प्रतिशत, अर्पितसिंह चंद्रावत ने 87.6 प्रतिशत, आर्यन व्यास ने 87.2 प्रतिशत और कृतिका डांगी ने कॉमर्स संकाय में 87.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में प्रांजल रत्नावत ने 91.6 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया। केशव घाटिया ने 90.2 प्रतिशत, पियूष रत्नावत 88.6 ने प्रतिशत, मुदिता कपूर ने 87.8 प्रतिशत, शिवम सोपरा ने 87.6 प्रतिशत, अभिराजसिंह राठौर ने 87.2 प्रतिशत और गुनगुन सैनी ने विज्ञान संकाय में 87 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

### प्रतीक राठौर रहे स्कूल में टॉपर...

सेंट थॉमस स्कूल में कक्षा 12वीं में कुल 212 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से प्रतीक राठौड़ ने कला संकाय में 97.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा शगुफ्ता बेहलिम ने विज्ञान संकाय में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 19 विद्यार्थियों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए। 48 विद्यार्थियों के 80 से 90 प्रतिशत, 64 विद्यार्थियों के 70 से 80 प्रतिशत और 57 विद्यार्थियों का 60 से 70 प्रतिशत तक का परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय के छात्र प्रतीक राठौड़ ने राजनीतिक विज्ञान में, अंश भंडारी, फिरदोस निजामी, विंजल भगतानी ने अकाउंट में और शगुफ्ता बेहलिम व भूमिका चंद्रावत ने कम्प्यूटर साइंस में 100 में से 99 अंक प्राप्त किए। इसी स्कूल में कला संकाय में यथार्थ जोशी ने 95 प्रतिशत, राघव जैन ने 87.2 प्रतिशत, विशाखा कुमावत ने 86 प्रतिशत, कुशांक गेहलोत ने 84.2 प्रतिशत और गर्विता पोरवाल ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय में वसुधासिंह जगावत ने 94.2 प्रतिशत, मारिया तेलवाला ने 93.8 प्रतिशत, नितिशा जैन ने 93 प्रतिशत, फिरदोस निजामी ने 92.8 प्रतिशत और माही जैन ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में नूरिया मोहम्मद शाह ने 94 प्रतिशत, सृष्टि गौड ने 92.8 प्रतिशत, भूमिका चंद्रावत ने 92.6 प्रतिशत और संयम मोदी ने 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

### 10वीं में टॉपर रहे आर्जव गांधी...

सीबीएसई 10वीं में सेंट थामस विद्यालय मंदसौर के छात्र आर्जव गांधी ने 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दशपुर विद्यालय मंदसौर की नियति जैन ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सेंट थामस विद्यालय के ही छात्र रुद्र दुबे ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। सेंट थामस विद्यालय की मानसी मोदी और करनी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अंशित गहलोत 97 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में चौथे स्थान पर रहे।

# बिजली के खंभे से टकराया पेट्रोलियम टैंकर, बिजली रही 6 घंटे गुल



**दलौदा, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा फोरलेन मार्ग पर पेट्रोलियम टैंकर व इनोवा कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई। लेकिन, इस हादसे के कारण दलौदा नगर को 6 घंटे तक बिना बिजली के रहना पड़ा।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 5.30 बजे करीब मनासा जिला नीमच से उज्जैन जा रहा पेट्रोलियम पदार्थ का खाली टैंकर दलौदा से गुजर रहा था। इस दौरान पुलिस थाना चौराहे पर टैंकर ड्राइवर नीमच जिले के लोड़किया निवासी प्रकाश पिता रायसिंह ने इनोवा कार को बचाने के चक्कर में टैंकर खाई में उतार दिया। यहां टैंकर बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसे में किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। सुबह घूमने निकले प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर मंदसौर की ओर से आते हुए चौराहा क्रॉस करने ही वाला था।

इसी दौरान मार्ग की दूसरी साइड पर जावरा से मंदसौर की ओर जा रही इनोवा कार के ड्राइवर ने चौराहे पर यू टर्न लिया। टैंकर ड्राइवर ने उसे बचाने की कोशिश की ओर टैंकर को बाई ओर मोड़ दिया। इससे वह अनियंत्रित होकर खाई में उतरकर बिजली खंभे से टकरा गया। जिससे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में दलौदा थाना पुलिस ने इनोवा ड्राइवर की शिकायत पर टैंकर ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। टैंकर को खाई में से निकालने में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा।

### इनका कहना...

हादसे में बजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने के बाद विभाग द्वारा प्रारंभिक तौर पर अस्थायी सुधार कर नगर में बिजली आपूर्ति शुरू की। मतदान को देखते हुए प्रारंभिक व्यवस्था कर बिजली आपूर्ति शुरू की है। खाई में से पुराने खंभे हटाकर नए लगाने की प्रक्रिया में करीब 8-10 घंटे का समय लगेगा। इसलिए चुनाव होने के बाद विभाग द्वारा स्थायी तौर पर मरम्मत की जाएगी।

**हिमांशु आहाके, जूनियर इंजीनियर एमपीईबी दलौदा**




# अंतिम यात्रा

हमारी माताजी, स्व. श्री रामकिशनजी व स्व. श्री रामेश्वरजी की भाभी, प्रदीप, नंदकिशोर, अशोक, गोपाल, कैलाश, दिलीप अनिल व भरत की बड़ी मम्मी एवं चंद्रेश, आकाश, पलाश व प्रतीक की दादीजी एवं कार्तिक की पड़दादीजी

**श्रीमती उगमदेवी झंवर**

(धर्मपत्नी स्व. श्री बद्रीलालजी झंवर)

का देवलोकगमन दिनाँक 13 मई 2024, सोमवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनाँक 14 मई 2024, मंगलवार को प्रातः 9:15 बजे निज निवास बड़ा चौक, जनकूपुरा, मंदसौर से निकलेगी।

विशेष- अंतिमयात्रा शव वाहन से मुक्तिधाम जाएगी।

फर्म ****
* जगदीश टी डिपो
* विनस कम्प्यूटर्स
* झंवर मेडीकोज, मंदसौर

***** शोकाकुल *****
राधेश्याम, जगदीश व सुनील झंवर (जावद वाले)





# नीमच जिले में मतदान के प्रति अपार उत्साह

## कलेक्टर एवं एसपी ने सुचारू मतदान व्यवस्था का जायजा लिया

**नीमच, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 13 मई को मतदान के प्रति मतदाताओं में अपार उत्साह देखने को मिला। कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतारे देखने को मिली।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एसपी श्री अंकित जायसवाल ने सुबह से ही नीमच जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुचारू मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टंर एवं एसपी ने बघाना, ग्वापलटोली, नीमच सिटी, कचहरी, यादवमण्डीा एवं चीताखेडा, जीरन के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्वततंत्र, निष्पिक्ष, शांतिपूर्ण सुचारू सुव्यएवस्थित मतदान कार्य का जायजा लिया और मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों को आवश्य क निर्देश दिए।

**ट्रांसजेन्डर मतदाताओं ने भी मतदान में निभाई भागीदारी**–लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 13 मई 2024 को जिले में हुए मतदान में ट्रांसजेन्डजर मतदाताओं ने भी मतदान कर अपनी सक्रीय भागीदार निभाई हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नयागॉव निवासी ट्रांसजेन्डीर मतदाता मुस्काहन, ने भी अपना मतदान कर, अपनी भागीदारी निभाई है।

**कलेक्टर ने किया आम मतदाता की तरह बूथ पर पहुचकर मतदान**– कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मतदान दिवस 13 मई को मतदान केन्द्र क्रमांक-104 शासकीय जाजू कन्यो महाविद्यालय नीमच पहुचं कर मतदाता पर्ची एवं वोटर आईडी कार्ड दिखाकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। इस मौके पर एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, सहायक संचालक जनसम्पर्क श्री जगदीश मालवीय भी उपस्थित थे। उन्हौंने पीठासीन अधिकारी से सुचारू एवं सुव्यवस्थित मतदान व्यवस्था की जानकारी भी ली तथा जिले के मतदाताओं से मतदान करने की अपील भी कलेक्ट्र एवं एसपी ने की।

**मतदानकर्मियों के बैक खाते में मानदेय का भुगतान हुआ**–लोकसभा विर्वाचन-2024 जिला नीमच में 3360 मतदान कर्मी, अधिकारी एवं 170 माईक्रों आब्र्जावर द्वारा 13 मई 2024 को मतदान का कार्य सम्पा दित कराया गया है। मतदान कार्य में सलंग्नर मतदानकर्मी एवं माईक्रों आर्ब्जमवर की कुल संख्या3 3530 है। कलेक्टतर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मतदान तिथि 13 मई 2024 को मतदान कार्य समाप्ता होने के पूर्व ही मतदानकर्मियों के बैंक खाते में मानदेय एवं भोजन भत्तेक की राशि 42 लाख 63 हजार 630 रूपये का ऑनलाईन भुगतान कर दिया गया है। जिससे मतदनकर्मियों में एक खुशी की लहर है।

## प्रेक्षक सिद्दीकी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ...

# मनासा के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**नीमच, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक अबु बकर सिद्दीकी पी.ने सोमवार दोपहर लोकसभा निर्वाचन के तहत मनासा में बनाए गए आदर्श मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।साथ ही शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर में मतदान करने पहुंचे मतदाताओ से चर्चा की। नगर परिषद द्वारा बनाए गए आदर्श मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम श्री पवन बारिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मनासा में सुबह 7:00 बजे से शाम 5 बजे तक का करीब 72% से अधिक मतदान हो चुका है। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री एसडीएम पवन बारिया, नगर परिषद मुख्य अधिकारी सीएमओ श्री रितेश पाटीदार सहित अन्यअ अधिकारी उपस्थित थे।

## सांई स्कूल कक्षा 10वीं एवं 12वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को सी.बी.एस.ई. द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया। श्री साई पब्लिक स्कूल, दलौदा के छात्रों ने सी.बी.एस.ई. की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक हासिल किये है।

कक्षा 12वीं में अनिल कलार पिता श्री मेरूलाल कलार (नन्दावता) ने 96.4 प्रतिशत के साथ पहला स्थान (आई.टी. विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये), पायल कुमावत पिता श्री दिनेश कुमावत (टोलखेड़ी) ने 92.2 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान एवं निकिता पाटीदार पिता श्री कारूलाल पाटीदार (निम्नाखेडी) ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में स्कूल की छात्रा चंचल पाटीदार पिता श्री सुरेश पाटीदार (दलौदा) ने 94.6 प्रतिशत के साथ पहला स्थान (गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये), मीनाक्षी पाटीदार पिता श्री धर्मेन्द्र पाटीदार (गुराडिया शाह) ने 91.8 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान एवं माधुरी पाटीदार पिता धर्मेन्द्र पाटीदार (गुराडिया शाह) ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।ल गौरतलब है कि अच्छे परिणाम के लिए स्कूल प्रशासन, शिक्षकों व अभिभावकों का सहयोग व विद्यार्थियों की अथक मेहनत काबिले तारीफ है। इस उपलब्धि पर संस्था संचालक श्री मोहसिन अख्तर, प्राचार्य श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य श्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों एवं परिवारजन को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भानपुरा तहसील में विधानसभा चुनाव जैसा उत्साह नजर नहीं आया

**हल्की बरसात से मौसम खुशनुमा होने से शाम को सवेंरे की तरह घर से निकले मतदाता**

**भानपुरा, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर संसदीय क्षेत्र कि भानपुरा तहसील में आज13 मई को मतदान हुआ, क्षैत्र में भीषण गर्मी व विगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई करारी हार ओर भाजपा का अतिआत्मविश्वास इन तीनों के कारण विधानसभा चुनाव जैसा उत्साह नजर नहीं आया, नगर के पोलिंग बुथों के बाहर भीड़ नदारद थी। भाजपा में भी अतिआत्मविश्वास इतना नजर आ रहा था कि मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर लाने के लिए कोई खास प्रयास नजर नहीं आए, भीषण गर्मी ने भी मतदान कम होने में अपनी भुमिका निभाई, कांग्रेस तो अभी भी विधानसभा चुनाव की हार से उभर ही नहीं पा रही है, अधिकांश पोलिंग बुथों पर तो कांग्रेस कार्यकर्ता नजर ही नहीं आए तो भाजपा में भी बुथ के बाहर टेंट तो लगाएं पर उत्साह नजर नहीं आया। भीषण गर्मी में भाजपा के नेता भी बस औपचारिकता निभाते नजर आए, ऐसा लग रहा था कि भाजपा को कि हम जीत रहे हे ओर कांग्रेस को ऐसा लग रहा था कि लड़ना था जो लड़ लिए, किसी भी मतदान केन्द्र पर मतदान को लेकर किसी भी प्रकार कि बहस विवाद नहीं हुआ, बस सब एक सामान्य नजारा था, युवा मतदाता, महिला मतदाता जरुर कुछ उत्साह में दिखे भाजपा में क्षेत्रीय विधायक चन्दर सिह सिसोदिया व पुर्व विधायक देवीलाल धाकड़ बुथ केन्द्र का दोरा करते नजर आए।

## मारपीट, दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के 4 आरोपियों पर केस दर्ज किया। बाजखेड़ी निवासी मोहनलाल पिता शंकरलाल प्रजापत ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रास्ते में प्रेमबाई पति भेरुलाल प्रजापत व उसके लड़के बलराम ने गाली-गलौज की व मारपीट की व लकड़ी से मारा, जिससे चोंट आई। इसी तरह प्रेमबाई पति भेरुलाल प्रजापत ने शिकायत दर्ज कराई कि रास्ते में मोहनलाल पिता शंकरलाल प्रजापत ने गालियां दी। मोहनलाल ने उसके लड़के दिनेश के साथ मिलकर लात-घुसों से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों पक्षों के चारों आरोपियों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया।

## पुलिस से दर्ज कराया झूंठा मुकदमा, खात्मे की मांग

**पिपलियामंडी, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** गांव खेड़ाखदान में सरपंच प्रतिनिधि द्वारा पुलिस थाने में दर्ज कराई वसूली व मारपीट की के मामले में आरोपी के भाई ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर की गई कार्रवाई को झूंठा बताया व प्रकरण का खात्मा करने की मांग की। खेड़ाखदान निवासी भंवरलाल पिता रतनलाल गुर्जर ने बताया कि मेरे भाई दशरथ पिता रतनलाल गुर्जर के खिलाफ सरपंच प्रतिनिधि वासुदेव गुर्जर ने मारपीट व वसूली का प्रकरण पिपलिया थाने में दर्ज कराया। जबकि मारपीट हुई उस समय मेरा भाई दशरथ गांव में मौजूद नही था। सरपंच प्रतिनिधि ने अपने प्रभाव से पुलिस थाने में झूंठा प्रकरण दर्ज कराया है।

# दिव्यांग मतदाताओं ने खुशी-खुशी व्हीलचेयर से पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया



**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होने की बाद दिव्यांग मतदाताओं में वोट डालने को लेकर बहुत ही जबरदस्त उत्साह एवं खुशी का माहौल दिख रहा है। दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर का सहारा लेकर मतदान केंद्र पर पहुंच रहे हैं तथा अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 43में दिव्यांग मतदाताश्री जुलाबचंद ने खुशी खुशी व्हीलचेयर से आकर मतदान केंद्र पहुंचकर अपना मत दिया। यह मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के पश्चात कहते हैं कि हमने तो अपनी मत का प्रयोग कर लिया है, और आप सभी को भी अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र ने यह अधिकार सभी मतदाताओं को प्रदान किया है, तो इस अधिकार का प्रयोग हम सबको करना चाहिए।

**अमिट स्याही का निशान दिखाकर दिव्यांगों ने लोकतंत्र में व्यक्त की आस्था**– वरिष्ठ, दिव्यांग और नौ जवान, सभी करें सौ प्रतिशत मतदान मतदाता जागरूकता अभियान के इस स्लोगन को जिलें के दिव्यांगो ने चरितार्थ किया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलें के मतदान केन्द्रों में सुगम, समावेशी व पारदर्शी मतदान की व्यवस्था से संतुष्ट एवं उत्साहित दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया दिव्यांगो ने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी उंगली पर लगाई गई, अमिट स्याही को दिखातें हुये अन्य लोगों को भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में दिये गये मताधिकार का प्रयोग करने का आवह्न किया।

## महिलाओं व पुरुषों की लगी लंबी कतार

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत करने में कोई भी वर्ग आज के समय में पीछे नहीं है। लोकतंत्र को मजबूत करने में महिला हो या पुरुष या हो दिव्यांग या हो थर्ड जेंडर कोई भी पीछे नहीं है। सब चाहते हैं कि देश का लोकतंत्र बहुत ही मजबूत बने। इसका उदाहरण आज इन्होंने मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करके जाहीर कर दिया। लोकतंत्र की गाड़ी के दूसरे पहिए ने अपनी जिम्मेदारी निभायी मतदान में सहभागिता के मामले में वे महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नही रहीं। कई मतदान केंद्रों में तो महिला मतदाताओं की कतार पुरुष मतदाताओं की कतार से भी लम्बी रही।




## मतदाता जागरूकता का दिया परिचय

**नगरी, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के युवाओं ने इस लोकसभा 2024 के चुनाव में बढ-चढ कर हिस्सा लिया वही कुछ रोचक वाक्या जो कि मतदाता जागरूकता को प्रेरित करता है हमारी टीम को नजर आया।

नगर के युवा रामेश्वर धाकड़ जो कि बेंगलुरु में ओला इलेक्ट्रिक कंपनी में कार्यरत है, अपनी शादी के लिए अपने निज स्थान नगरी आएं है! लेकिन मतदान का दिवस उनकी शादी के बीच आया तो सारा काम छोड़कर उन्होंने मतदान करना ज्यादा जरूरी समझा एवं उनके संगी-साथी युवाओ को भी अपने इस अधिकार से अवगत करवाया आपको बता दे रामेश्वर धाकड़ एक आई,आई, टी,यन है उन्होंने 2018 में ही आई. आई. टी की परीक्षा पास की एवं एन. आई. टी. सूरतकल में दाखिला लिया।रामेश्वर का कहना है कि मतदान अवश्य करें यह लोकतंत्र का सबसे मजबूत अधिकार है आपको इसका इस्तेमाल हर मतदान में करना चाहिए यह राष्ट्र को एक नई दिशा दिखाने में साकार साबित होगा।

## मुजफ्फरपुर में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी है तो पहना देंगे



**मुजफ्फरपुर, 13 मई।** बिहार के मुजफ्फरपुर में जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा पाक समर्थित बयान पर हमला बोला और करारा जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी है तो पहना देंगे। इसके अलावा उन्होंने लालू परिवार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, राजद ने सिर्फ परिवारवाद दिया। बिहार में राजद का जंगलराज था।

पीएम मोदी ने हाजीपुर में भी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'एनडीए को दिया आपका वोट केंद्र में मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा। आरजेडी, कांग्रेस या इंडी अलायंस को दिया गया वोट तो वैसे भी बेकार हो जाएगा। इसलिए अपना वोट सरकार बनाने के लिए दीजिए, देश बनाने के लिए दीजिए, आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दीजिए। पीएम मोदी ने कहा, मोदी ने आपका डबल मुनाफा करने वाली एक और योजना बनाई है। इस योजना से आपकी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। इस योजना का नाम है- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना। इसके तहत छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार आपको 75 हजार रुपया देगी, जितनी बिजली चाहिए, आप इस्तेमाल करो, बची हुई बिजली सरकार को बेच दो, यानी बिजली का बिल जीरो और साथ में आमदनी भी।

## श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर भानपुरा की 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत

**भानपुरा, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर (सीबीएसई से संबद्ध) का कक्षा 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष विद्यालय में साइंस और कॉमर्स संकाय में कुल 40 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। कॉमर्स संकाय में कुणाल पालीवाल 94.80% अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे। पार्थ मोदी 93.20% अंक लेकर दूसरे स्थान पर तथा कुणाल रत्नावत 91.80% अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

विज्ञान संकाय (गणित) में निहारिका धनोतिया79.60% अंकों के साथ प्रथम स्थान, उत्सव कसेरा 78.60%, तथा प्रियल माटा 77.40% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान (बायो)संकाय में सोफिया बी 79.60% भक्ति चंदेल 78.20% तथा शिवानी मीणा 73.60% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। सभी 40 विद्यार्थियों द्वारा प्रथम श्रेणी प्राप्त करने संस्था प्रमुख शरद सकलेचा, नीति सकलेचा, प्रतिभा सकलेचा, संस्था के प्राचार्य जोबी अंगेसटन एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कमला सखलेचा ज्ञान मंदिर विधालय भानपुरा का दसवीं का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 99 छात्र-छात्राएं कक्षा दसवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 79 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 20 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुई। विद्यालय की छात्रा सुकृति चौरसिया ने 96.20 % अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाग्यश्री जैन ने 93.80% अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा रिद्धि सोनी ने 93.60% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विबोध में मनाया मदर्स डे सेलिब्रेशन

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** सच तो यह है कि मां हमारी सुपर स्टार होती है , मां का त्याग ओर वात्सल्य व्यक्ति के जीवन में प्रगति का आधार बनता है , हमारी जिम्मेदारी है कि माता के संस्कार और प्यार की एमी निधि को आधार बना कर जीवन पथ पर अग्रसर हों यह कहना है साइंटिस्ट एवं समाजसेवा में अग्रणी श्रीमती डॉ अनुरेखा जैन का । आप अभिनंदनगर स्थित विबोध प्रीस्कूल में ' मदर्स डे ' सेलिब्रेशन कार्यक्रम संबोधित कर रही थीं । इस अवसर पर विबोध समर कैम्प का रंगारंग समापन भी हुआ । अपना घर संस्थापक - संचालक श्री राव विजयसिंह , सीनियर चिकित्सक श्रीमती डॉ श्वेता पांडेय कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे

श्रीमती डॉ अनुरेखा जैन ने कहा बच्चों की सही और अच्छी परवरिश में माता की सबसे अहम भूमिका होती है , स्कूल में तो शिक्षा मिलती है पर भविष्य का निर्माण माता के अनुशासन , संस्कार , परम्परा से ही होता है । मां खुद भूखी रहकर अपनी संतान को पोषित करने में मातृत्व भाव अनुभव करती है । आपने सदन में उपस्थित महिलाओं , अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों के अच्छे विकास के लिए घर परिवार के छोटे छोटे कामों में भी उनका सहयोग लें भागीदार बनाएं यह उनके जीवन में हमेशा संबल होगा । हर परिस्थितियों के अनुसार ढलने में मददगार होगा । आधुनिकता ही सबकुछ नहीं नैतिक मूल्यों के साथ सामाजिकता ज़रूरी है । श्रीमती डॉ अनुरेखा जैन ने इस अवसर पर कविता भी प्रस्तुत की । अपना घर संस्थापक - संचालक श्री राव विजयसिंह ने कहा हर बच्चे में प्रतिभा होती है , उसे निखारने में मां की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आरंभिक शिक्षा के साथ समर कैम्प जैसी एक्टिविटी लाभदायक सिद्ध होती है । सीनियर डॉक्टर एवं एसआरएम हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ श्वेता पांडेय ने मदर्स डे पर बधाई देते हुए कहा कि परिवार की धूरी मां के ही इर्दगिर्द होती है , माता का त्याग और समर्पण अतुलनीय है और यह शाश्वत है इसका मूल्य समाज को भी समझना होगा , माता का सम्मान स्वयं का सम्मान है ।

श्रीमती डॉ पांडेय ने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से रुचि अनुसार प्रतिभा प्रदर्शन करने और सीखने का मौका मिलता है । आज विबोध में बच्चों की



प्रस्तुतियां शानदार रही । आपने सबको बधाई दी। इस अवसर पर विबोध स्कूल एवं समर कैम्प के प्रतिभागियों ने नृत्य , गायन ,वादन के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां कर सराहना प्राप्त की । समर कैम्प में चेस , कैलिग्राफी , प्रोजेक्ट मेकिंग , फॉनिक्स , आर्ट एंड क्रॉफ्ट , संगीत आदि का प्रशिक्षण दिया गया । विशेषज्ञ कलाकारों ने 25 दिनों तक प्रशिक्षण दिया । आरंभ में अतिथियों ने मदर्स डे पर आयोजित महिलाओं की एक्टिविटी प्रदर्शनी एवं समर कैम्प प्रतिभागियों की क्रिएटिविटी प्रोजेक्टस का अवलोकन किया और सराहा । विबोध स्कूल संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया । प्रिंसिपल श्रुति बटवाल ने विबोध स्कूल गतिविधियों तथा आगामी लक्ष्य की जानकारी दी । मदर्स डे पर महिलाओं की एक्टिविटी के विजेताओं एवं समर कैम्प प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया । कार्यक्रम संचालन दीप्ति जागरी ने किया आभार श्रीमती रीना सोनी ने व्यक्त किया । इस अवसर पर शतरंज सम्राट संपादक नंदकिशोर जोशी , उद्योगपति प्रदीप बंसल , धर्मेंद्र सिंह रानेरा , डॉ किशोर शर्मा ,अभिषेक बटवाल संगीतकार चेतन व्यास , कोरियोग्राफर सोनाली भारद्वाज , उमा खुतवाल , माही भावसार , गौरव सोनी , विक्रम सिंह सिसोदिया , नीतू तंवर , शशि अग्रवाल भूमि राठौर निशा पाटिल मीना गहलोत , एवं गणमान्य जन उपस्थित थे ।



अपने घर से मतदान केंद्र तक दो किलोमीटर की दौड़ लगा कर वरिष्ठ अधिवक्ता पुखराज दशोरा ने मतदान किया और सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## लोकसभा चुनाव में अनामिका ने प्रथम बार किया अपने मत का प्रयोग



**बादपुर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव में प्रथम बार दिव्यांग बालिका अनामिका /अम्बालाल सोलंकी नें अपने मत का प्रयोग किया व अनामिका सोलंकी से बात करने पर बताया कि देश के संविधान कि बदौलत लोकतंत्र मे मतदान करने का अवसर मिला हैं समय समय पर अपनी जीम्मेदारी समझे व मतदान के प्रति जागरूक रहे और एक अच्छी सरकार बनाने के लिए मतदान करे। साथ ही वाहन के माध्यम से वंचित वृद्धाजनों के मतदान कि व्यवस्था भी कि गई थी तत्पश्चात सामाजिक कार्यकर्ता श्यामलाल राठौर द्वारा सेवाए दी व वृद्धिजनों से मतदान करवाया। सेक्टर ऑफिसर,ग्राम पंचायत सचिव, सामाजिक कार्यकर्त्ता व आम मतदाता सभी उपस्थित रहे।




# नहीं थम रहा कुत्तों का आतंक

## मतदान के दिन शहर में 5 लोगों को बनाया शिकार

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर में मतदान के दिन कुत्तों का आतंक और ज्यादा बढ़ गया। कई कुत्ते तो अड़कियें हो गए है। ऐसे कुत्तो पर भी नगर पालिका अंकुश नहीं लगा पता रही है। शहर के खानपुरा में शनि मंदिर के पास वाले क्षेत्र में हिंसक कुत्तों ने 5 लोगों को अपना शिकार बनाया। कुत्तों ने इतनी बुरी तरह हमला किया की लोगों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायलों की हालत देखकर ऐसा लग रहा था की किसी शेर या चीते ने हमला कर दिया है। कुत्ते शहर में हिंसक हों रहे है, लोगों पर प्राण घातक हमला कर रहे है। पर, नगर पालिका पंगु हों चुकी है। जिला प्रशासन भी आँखे बंद किये बैठा है। बडे अस्पताल में तैनात पुलिसकर्मी ने बताया की रोजाना 2 से 5 केस आ रहे है। पर प्रशासन पूरी तरह फैल साबित हो रहा है। शहर के रहवासी क्षेत्रों में यह हाल है तो बाहर क्या होगा। पीड़ित मिट्ठू सिंह ने कुत्ते के द्वारा किये गए घटनाक्रम का जब उल्लेख किया तो वह क्षण बडा ही दर्दनाक था। खैर जिला प्रशासन व नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियो को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। क्यूंकि न तो उनमे सहानुभूति बची है और नहीं उन्हें पब्लिक की चिंता है।

# मंदसौर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से 75.25 प्रतिशत हुआ मतदान

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मंदसौर जिले में आज मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में कुल 75.25 प्रतिशत मतदान हुआ। संसदीय क्षेत्र के कुल 1898060 मतदाताओं में से 1428383 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में कुल 957883 पुरुषों में से 745354 पुरुषों ने मतदान किया, इस तरह पुरुषों का मतदान का 77.81 प्रतिशत रहा। इसी तरह संसदीय क्षेत्र की 940149 महिला मतदाताओं में से 683014 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 72.65 रहा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में कुल 262703 में से 199104 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में 75.79 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र में कुल 247574 में से 193131 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र में 78.01 प्रतिशत मतदान हुआ। सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 281841 में से 211079 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में 74.89 प्रतिशत मतदान हुआ। गरोठ विधानसभा क्षेत्र में कुल 252529 में से 184578 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह गरोठ विधानसभा क्षेत्र में 73.09 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह नीमच जिले के मनासा विधानसभा क्षेत्र में कुल 201684 में से 152003 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मनासा विधानसभा क्षेत्र में 75.37 प्रतिशत मतदान हुआ। जावद विधानसभा क्षेत्र में कुल 183107 में से 135788 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया इस तरह जावद विधानसभा क्षेत्र में 74.16 प्रतिशत मतदान हुआ। नीमच विधानसभा क्षेत्र में कुल 230511 में से 174263 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह नीमच विधानसभा क्षेत्र में 75.60 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा रतलाम जिले के जावरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 238111 में से 178437 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह जावरा विधानसभा क्षेत्र में 74.94 प्रतिशत मतदान हुआ।

मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में कुल 132381 पुरुषों में से 103888 पुरुषों ने मतदान किया। इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 78.48 रहा। इसी तरह मंदसौर विधानसभा क्षेत्र की 130315 महिला मतदाताओं में से 95210 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 73.06 रहा। मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र में कुल 124022 पुरुषों में से 101044 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह 81.47 पुरुषों का मतदान का प्रतिशत रहा। इसी तरह मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र की 123551 महिला मतदाताओं में से 92087 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 74.53 रहा। सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 142692 पुरुषों में से 112258 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 78.67 रहा। इसी तरह सुवासरा विधानसभा क्षेत्र की 139147 महिला मतदाताओं में से 98819 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 71.02 रहा। गरोठ विधानसभा क्षेत्र में कुल 128160 पुरुषों में से 97714 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 76.24 रहा। इसी तरह गरोठ विधानसभा क्षेत्र की 124367 महिला मतदाताओं में से 86863 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 69.84 रहा।

नीमच जिले के मनासा विधानसभा क्षेत्र में कुल 102210 पुरुषों में से 79412 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 77.69 रहा। इसी तरह मनासा विधानसभा क्षेत्र की 99473 महिला मतदाताओं में से 72590 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 72.97 रहा। जावद विधानसभा क्षेत्र में कुल 92969 पुरुषों में से 70672 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 76.02 रहा। इसी तरह जावद विधानसभा क्षेत्र की 90136 महिला मतदाताओं में से 65114 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 72.24 रहा। नीमच विधानसभा क्षेत्र में कुल 116528 पुरुषों में से 91019 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 78.11 रहा। इसी तरह नीमच विधानसभा क्षेत्र की 113979 महिला मतदाताओं में से 83241 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 73.03 रहा। रतलाम जिले के जावरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 118921 पुरुषों में से 89347 पुरुषों ने मतदान किया इस तरह पुरुषों का मतदान का प्रतिशत 75.13 रहा। इसी तरह जावरा विधानसभा क्षेत्र की 119181 महिला मतदाताओंमें से 89090 ने मतदान किया इस तरह महिलाओं को मतदान प्रतिशत 74.75 रहा।

# पिंक और आदर्श मतदान केंद्र से मतदान के प्रति रुचि बढ़ी मतदाताओं की

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। पिंक एवं आदर्श मतदान केंद्रों की माध्यम से मतदाताओं की मतदान के प्रति रूचि बड़ी है। पहले मतदाताओं को लाइन में लंबी कतार के माध्यम से खड़ा होना पड़ता था, लेकिन इस बार मतदाताओं को इस प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। आदर्श मतदान केंद्र पर आए मतदाता कहते हैं कि यहां पर उनके बैठने के लिए सोफे लगाए गए हैं। टेंट की व्यवस्था की गई है। पानी की व्यवस्था की गई हैं। यह आराम से मतदान के लिए रेस्ट करके मतदान कर सकते हैं। अधिकाधिक मतदाताओं द्वारा मतदान करना। इस आधार को मजबूत किया है आदर्श मतदान केन्द्रों ने। कई मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को लम्बी लाइन में लगना पड़ता था, ऐसा सोच कई मतदाता मतदान की उपेक्षा करते थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने तथा असुविधाओं को समाप्त करने के दृष्टिकोण से आदर्श मतदान केन्द्र की अवधारणा पर कार्य किया। सभी विधानसभाओं में 40 पिंक मतदान केन्द्र स्थापित किये गये थे। इन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए टेंट में कुर्सियां, पेयजल, शौचालय व्यवस्था के साथ साथ बच्चों के लिए खेलकूद व्यवस्था भी की गयी। बूथ पर प्रतीक्षा कक्ष में बैठे मतदाता कहते हैं कि अच्छी व्यवस्था है। नहीं तो घण्टों धूप में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार कष्टप्रद होता था।

**लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान करने उत्साहित दिखी महिला मतदाता**–लोकतंत्र के महापर्व पर भारत की गौरवशाली परम्परा के तहत 13 मई 2024 को मतदान करने में मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा, विश्व की अनूठी जनतांत्रिक जनमत के इस अनूठे अवसर पर महिलाओं में मतदान करने का काफी उत्साह दिखा, महिलाऐं लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान करने सुबह से आतुर रहीं। इस अवसर पर सास-बहु-बेटी, देवर-देवरानी, ननद-भौजाई के साथ ही पति-पत्नि साथ-साथ मतदान केन्द्र जाते दिखे, वोट डालने के पश्चात उत्साहित महिलाओं ने उन्गली में लगाये गये मतदान स्याही के निशान को दिखाते हुऐ लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी आस्था व्यक्त करते हुऐ अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने का संदेश दिया।



## मतदान दलों के आगमन पर कलेक्टर ने मतदान दलों का पुष्पमाला से स्वागत किया

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान हेतु नियत समय प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक रखा गया था। मतदान सामग्री संकलन स्थल राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर में मतदान संपन्न होने के पश्चात 49, 55 एवं 58 मतदान केंद्र आए सभी दलों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें हार फूल एवं पुष्पमाला भेंट की। इसी के साथ वहां पर तैनात सभी कर्मचारियों को तैयारियों में जुटा दिया गया। मतदान सामग्री स्थल पर उन्होंने मतदान दलों को वापस आने में समस्या नही हों इसके लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। सामग्री संकलन कार्य मे जुटे दल को मतदान दलों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने तथा सामग्री का मिलान कर सही स्थान पर जमा करने की समझाइश दी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री अबूबक्कर सिद्दीकी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, वनमंडलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री परमार एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## शतायु मतदाता सुगम्य तरीके से कर रहे मतदान

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए आज मतदान प्रात: 7 बजे से प्रारंभ हुवा। मतदान के लिए शतायु मतदाता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने के लिए वहां पर तैनात फोर्स भी पूरा - पूरा सहयोग प्रदान कर रही हैं। उनके इस सहयोग से शतायु मतदाता बहुत ही सहज एवं सरल तरीके से अपने मत का प्रयोग कर पा रहे हैं। इस विषय में व्रद्ध मतदाताओं का कहना है, कि कर्मचारी, फोर्स के सहयोग से हमारे हौसले बुलंद होते हैं। फोर्स मतदान केंद्र के बाहर से ही हमारा हाथ पकड़ लेती है तथा मतदान कक्ष तक ले जाती हैं, इस वजह से मतदान करने में बहुत आसानी होती है। मतदान करने के बाद ससम्मान तरीके से हमें मतदान कक्ष से बाहर तक छोड़ते है। मतदान कक्ष में बैठने के लिए सोफे, कुर्सियां की व्यवस्था की गई है। अगर प्यास लगती है, तो इसके लिए शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की जा रहा है। वही छाव के लिए टेंट की व्यवस्था है।

### निर्वाचन कार्य में उदासीनता बरतने पर कलेक्टर द्वारा...

# दिवाकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**नीमच, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन एवं निर्वाचन गतिविधियो के निर्वहन में उदासीनता बरतने और वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना करने पर प्रभारी जिला आपूर्ति श्री आर एन दिवाकर को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है, कि क्यों न उनके विरूद्ध सेवा आचरण अधिनियम 1969 की धारा-3 क के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस संबंध में श्री दिवाकर को अपना स्पष्टीकरण कारण बताओ सूचना-पत्र की प्राप्ति से 03 दिवस में समक्ष उपस्थित होकर, प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अनुपस्थिति अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में उनके विरूद्ध एक पक्षीय योग्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

उल्लैखनीय है, कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संपादन एवं निर्वाचन गतिविधियों के विधानसभा खण्ड 228-मनासा, 229-नीमच एवं 230 जावद के लिए 4 पृथक-पृथक वेडर के माध्यम से 4 सुविधायुक्त पेड स्वल्पाहार काउण्टर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त् निर्देशों को गंभीरता से न लेते हुए तीन काउण्टरों की व्यवस्थाय एक ही वेण्डर को दे गई। जिसमें 2 काउण्टरों द्वारा स्वल्पााहार का विक्रय बहुत विलंब से प्रारंभ किया गया था तथा स्वल्पाहार की गुणवत्तान भी ठीक न होने से मतदान दलों को असुविधा का सामना करना पडा। इस पर यह कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।



## वेबकास्टिंग रूम का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** सामान्य प्रेक्षक श्री अबूबक्कर सिद्दीकी एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए डाइट कॉलेज मंदसौर में बनाया गया वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेबकास्टिंग के माध्यम से क्रिटिकल मतदान केंद्रों की निगरानी की जा रही है, उसका अवलोकन किया। उसके संबंध में जानकारी ली। डाइट कॉलेज मंदसौर में इसके लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम में क्रिटिकल मतदान केंद्र, अति संवेदनशील मतदान केंद्र की वेबकास्टिंग की जा सकेगी तथा उन मतदान केंद्रों का लाइव इस कंट्रोल रूम के माध्यम से दिखेगा।

## पुलिस कप्तान ने धर्मपत्नी के साथ किया मतदान



**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मैंने मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। आप सभी से भी आग्रह है कि अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। यह अपील कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने जिले के समस्त मतदाताओं से की हैं। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दिवस 13 मई को मतदान केंद्र क्रमांक 61 में पहुंचकर मतदान किया। कलेक्टर श्री यादव ने अपने संदेश में कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। मतदाता निर्भीक और स्वतंत्र होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# 6 माह के बच्चे का अपहरण कर 29 लाख रुपए में बेचा, जबलपुर, मुम्बई, मऊ से पकड़े गए 11 आरोपी

**जबलपुर/रीवा, 13 मई।** एमपी के रीवा से 6 माह के बच्चे का अपहरण कर 29 लाख रुपए में कल्याण मुम्बई के संतानहीन शिक्षक दम्पति को बेच दिया गया था। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने 11 आरोपियों को जबलपुर, मुम्बई व मऊसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक फरार आरोपी अतुल जायसवाल को पकडने के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों ने बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया, जिसे पाकर उनकी आंखो में आंसू आ गए।

लिस अधिकारियों के अनुसार रीवा



के कालेज चौराहा से 7 मई को देर रात माता-पिता के बीच में सो रहे 6 मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया गया। बच्चे के अचानक गायब होने से मां मनीषा व पिता अरविंद घबरा गए। उन्होने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कहीं पता नही चला। इसके बाद पुसिको बच्चे के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज निकाले। जिसमें दो युवक बच्चे को मोटर साइकल से लेकर जाते दिखाई दिए। जिनकी पहचान मोहम्मद सलीम व अतुल जायसवाल निवासी मऊगंज रीवा के रूप में की गई। पुलिस ने मामले में सलीम को दूसरे दिन 8 मबई को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि नितिन सोनी अपनी पत्नी स्वाती के साथ मउगंज आया था।

यहां पर अपने साथी मोहम्मद हारून, मोहम्मद सलीम, मुस्कान रावत, देवेश जयसवाल व गुड्डूगुप्ता के साथ मिलकर बच्चे के अपहरण की साजिश रची। साजिश के चलते 6 माह के बच्चे का अपहरण कर मुम्बई ले गए। नितिन व स्वाती ने बच्चे को 8 आलख रुपए में अमोल मधुकर व अरवी सेजल व प्रदीप कोलम्बे को 8 लाख रुपए में बेच दिया। इन तीनों ने बच्चे को श्रीकृष्ण संतराम पाटिल को 29 लाख रुपए में बेचा। पेशे से शिक्षक कृष्ण संत राम पाटिल मध्यप्रदेश के रायगढ़ का रहने वाले हैं। जिनकी कोई संतान नही थी तो उन्होने आरोपियों से मिलकर 29 लाख रुपए में बच्चा खरीदने का सौदा किया था। इसके बाद रीवा पुलिस की टीम ने मुम्बई पुलिस की मदद से आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान पुलिस ने नितिन व उनकी पत्नी स्वाति सोनी को गिरफ्तार किया, दोनों से पता चला कि उन्होने बच्चे को अमोल व सेजल को बेचा है। इसके बाद पुलिस ने उस आटो चालक को पकड़ा जिसने नितिन व स्वाति को छोड़ा था। आटो चालक ने जो जानकारी दी तो मामले के अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी लग गई। पुलिस ने एक के बाद एक 11 आरोपियों को जबलपुर, मुम्बई व मऊसे गिरफ्तार कर लिया।

**शिक्षक दम्पति ने अपने शिष्य की मदद से खरीदा था बच्चा**–पुलिस जब संतानहीन दम्पति कृष्ण संतराम पाटिल तक पहुंची तो उन्होने बताया कि 53 वर्ष में कोई बच्चा नहीं था। लाखों रुपए इलाज में खर्च करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद अपने पढ़ाए हुए शिष्य अमोल मधुकर से संपर्क कर अपनी बात रखी। अमोल ने अपनी पत्नी अरवी उर्फ सेजल से चर्चा की। दोनों ने बच्चा देने के बदले 29 लाख रुपए की मांग रखी। बात होने के बाद दोनों अपने परिचित नितिन, स्वाती व प्रदीप से बच्चे के संबंध में बात की थी।

**और भी बच्चे गायब हुए है**–इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को रीवा लाया गया है, यहां पर उनके अपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे है। मऊगंज से और भी बच्चे गायब हुए है, उनके संबंध में भी पूछताछ की जाएगी। वहीं बच्चे को पाकर माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** सामान्य प्रेक्षक श्री अबूबक्कर सिद्दीकी एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाएं इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की उनसे चर्चा की। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बिना किसी असुविधा के मतदान कर सके। इसके लिए भी निर्देश दिए गए। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों एवं बुजुर्गों को दी जारी सुविधाओं के कार्यों की प्रशंसा भी की गई।

## पिपलिया में 74 प्रतिशत मतदान

**पिपलियामंडी, 13 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर पिछली बार की तुलना में कम उत्साह देखा गया। नगर में 12 पोलिंग बूथ पर करीब 74 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में नगर में 76 प्रतिशत मतदान हुआ था। वोट डलवाने को लेकर दोनों राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं में सक्रियता कम दिखी। अधिकांश मतदाता स्वयं पोलिंग बूथ पहुंचे व मतदान किया। दोपहर में मतदान केन्द्रों में सन्नाटा रहा। वहीं सुबह व शाम को मतदान केन्द्रों पर भीड़ रही। नगर के कुल 12 पोलिंग बूथ पर 12451 मत में से 9272 मत गिरे। बुजुर्गों र्भी मत का प्रयोग किया। पिपलियामंडी में 93 वर्षीय हुलासबाई कुमठ को परिजन मतदान केन्द्र लेकर पहुंचे व मतदान कराया। इसी तरह काचरिया चन्द्रावत में 97 वर्षीय देवीलाल चोहान ने बीमार होने के बावजूद परिजनों के साथ मतदान केन्द्र जाकर मत का प्रयोग किया।

## ✻ उठावना ✻



अमित व विशाल सक्सेना के पिताजी एवं कृष्णा व करण के दादाजी श्री ओमप्रकाश सक्सेना का निधन दिनांक 13 मई 2024 को हो गया हे। जिनका उठावना आज 14 मई, मंगलवार को प्रात: 10.30 बजे निवास स्थान आर्य समाज भवन परिसर, तलाई वाले बालाजी मंदिर के पास, मंदसौर पर रखा गया हे।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
सक्सेना परिवार


# आवश्यकता है

रेडीमेड कपड़ों की दुकान के लिए

**सेल्समेन** की आवश्यकता है

वेतन योग्यतानुसार

**दिलीप स्टोर्स**

कालाखेत, मंदसौर, मो.-8839455308



**कमल कुमार चौधरी** (बी.कॉम., एलएलबी) हाईकोर्ट एडवोकेट एवं नोटरी

कार्यालय-मनासा रोड, शिवाजी चौराहा, सिंधिया काम्पलेक्स, पिपलियामंडी, जिला मंदसौर (म.प्र.) मो.-9329690898

क्रमांक ........ दिनांक- 13 मई 2024

## आम व खास सूचना

मेरी व्यवहारी श्रीमती संगीता फरक्या पति श्री हरिओम जी फरक्या निवासी पिपलिया मंडी तहसील मल्हारगढ जिला मंदसौर की ओर से प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार हर आम व खास मोहनलाल पिता रतनलाल जी गुर्जर निवासी पिपलिया मंडी को सूचित किया जाता है कि :-

(01) यह कि मोहनलाल पिता रतनलाल जी गुर्जर निवासी महावीर गंज पिपलियामंडी तहसील मल्हारगढ को रूपये की वैधानिक आवश्यकता होने से उनकी स्वामित्व व आधिपत्य की भुमि मोजा ग्राम रिछा तहसील मल्हारगढ की सर्वे क्रमांक 120/2/1 रकबा 1.03 हैक्टेयर भुमि को मेरे व्यवहारीया से दिनांक 07/03/2021 को बिक्री इकरार कर इकारार पेटै साई के रुपये 5,00,000/- पांच लांख रूपये प्राप्त किये तथा इस इकरार के बतोर एक इकरार लेख मेरे व्यवहारीया के पक्ष मे निष्पादित किया जिसके समर्थन मे एक शपथपत्र भी निष्पादित किया जिसमे मोहनलाल जी की पत्नि व पुत्र तथा पुत्रियो की भी सहमति होकर जिनके द्वारा भी एक सहमति बाबत शपथपत्र निष्पादित किया गया तथा इकरार की शेष राशि को ईकरार की अवधि मे प्राप्त कर पंजीकृत विक्रय पत्र करवाने का आश्वासन दिया।

(02) यह कि मेरी व्यवहारीया द्वारा उक्त इकरार की अवधि के भीतर ही मोहनलाल जी से उक्त ईकरार के पालन मे शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र करवाने का कहा गया व विक्रय पत्र को करवाने हेतू सब रजिस्टार मल्हारगढ के यहा गये तब उक्त भुमि का नक्शा की नकल निकलवाने पर पता चला की नक्शा मौके की स्थिति के विपरीत होने से तथा नक्शा मे बदोबस्त के समय त्रुटि हो जाने से व मौके के अनुसार चतुर्सिमा का मिलान नही होने की जानकारी हुई इस कारण से विक्रय पत्र नहीं कराया जा सका तब मोहनलाल जी के द्वारा मेरे व्यवहारीया को यह आश्वासन दिया कि वह उक्त नक्शे की त्रुटि को दुरूस्थ करवाकर विक्रय पत्र मेरी व्यवहारिया के पक्ष में करवा देगे तथा इस हेतू मोहनलाल जी के द्वारा मेरी व्यवहारीया को उसके पति सहित साथ ले जाकर नक्शे की दुरूस्थी हेतू अभिभाषक नियुक्त कर एक आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय मल्हारगढ के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा उसके पश्चात भी मेरी व्यवहारिया के द्वारा कई बार उक्त ईकरार के पालन मे विक्रय पत्र करवाने का मोहनलाल जी से कहा तो उनके द्वारा यही आश्वासन दिया जाता रहा कि नक्शे में अभी सुधार नही हुआ जैसे ही नक्शे मे सुधार होगा विक्रय पत्र करवा देगे। जबकि मेरी व्यवहारिया आज भी इकारार की शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र करवाने हेतू तेयार व तत्पर है जो विक्रय पत्र मात्र इकरार की भुमि का नक्शा दुरूस्थी के कारण रूका हुआ है।

(03) यह कि अभी मेरी व्यवहारीया को उनके पति से जानकारी हुई कि उक्त मोहनलाल जी के द्वारा मेरी व्यवहारीया के पक्ष मे किये गये उक्त ईकरार की भुमि को किसी अन्य को ईकरार से अधिक कीमत पर बिक्री किया जाने की चर्चा बाजार मे चला रखी है जबकि मोहनलाल जी के द्वारा मेरी व्यवहारीया के पक्ष में उक्त भुमि का बिक्री इकरार कर साई पेटे राशि भी प्राप्त कर रखी है तथा मेरी व्यवहारीया आज भी इकारार की शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र करवाने हेतू तैयार व तत्पर हू। जबकि मोहनलाल जी अधिक रूपयो के लालच मे बिना नक्शा दुरूस्थी के ही किसी अन्य को बिक्री करने पर आमाद है इसी संबंध मे मोहनलाल जी द्वारा किसी अन्य को विक्रय नही करने बाबत मेरे द्वारा उपपंजीयक मल्हारगढ के समक्ष आपत्ति भी प्रस्तुत कर दी है।

अत: हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त भुमि को क्रय न करे या उससे संबधित कोई भी संव्यवहार नही करे व नही करवाया जावे अन्यथा कोई भी संव्यवहार मेरी पक्षकारा के हितो के मुकाबले शुन्य रहेगा तथा उससे होने वाले सभी परिणामो की जवाबदारी आप स्वयं की रहेगीं। सो सूचित हों।

भवदीय वास्ते व्यवहारी
के.के.चौधरी एडवोकेट एवं नोटरी
पिपलिया मंडी, तहसील मल्हारगढ़


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in